दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,उ0 प्र0
सेक्टर–11,जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ (226031)

पत्रांक : ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2026 / 12705 दिनांक : 18 / 03 / 2026

सेवा में,

समस्त ए0के0टी0यू0 से सम्बद्ध,
निदेशक / प्रचार्य।

विषय : सत्र 2025–26 की विषम सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके कतिपय छात्रों की परीक्षा फीस जमा किए जाने के संबन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबन्ध में अवगत् कराना है कि सत्र 2025–26 में विषम सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके कतिपय छात्रों द्वारा तकनीकि खराबी के कारण परीक्षा फीस नहीं जमा कर पाये थे। ऐसे कतिपय छात्रों के भविष्य को दृष्टिगत् रखते हुए परीक्षा में बैठने की अनुमति विश्वविद्यालय द्वारा दी गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत् कराना है कि आपके संस्थान में अध्यनरत उन कतिपय छात्रों द्वारा परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त भी अभी तक सत्र 2025–26 विषम सेमेस्टर की परीक्षा फीस जमा नहीं की गयी है। यदि उन कतिपय छात्रों द्वारा सत्र 2025–26 में विषम सेमेस्टर की बकाया परीक्षा फीस 15 अप्रैल से पूर्व जमा कर दें ताकि आगामी के परीक्षा फार्म ससमय उक्त दशा में भरे जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि ऐसे कतिपय छात्र जो सत्र 2025–26 में विषम सेमेस्टर की परीक्षा दे चुके हैं और परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त भी परीक्षा की फीस नहीं जमा की है उन छात्रों की पेमेन्ट सफल (सक्सेस) न होने की दशा में संस्थान की ई0आर0पी0 पर पेमेन्ट वेरिफिकेशन लिंक से एम.आई.एस. वेरिफाई करते हुए पेमेन्ट सफल (सक्सेस) कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त

भवदीय

Deepak Nagaria
18/03/2026
(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संयुक्त परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू, लखनऊ।
2. उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू, लखनऊ।
3. स्टाफ आफिसर टू मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

(प्रो0 दीपक नगरिया)
परीक्षा नियंत्रक